सं.12019/04/2025-रा.भा.(का.2)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

एन.डी.सी.सी.-।। बिल्डिंग,
'बी' विंग, चतुर्थ तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली - 110001
दिनांक: 30.04.2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय- तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समय-सीमा से संबंधित ।

राजभाषा विभाग द्वारा लिए गए निर्णयानुसार वर्ष 2025-26 की **तिमाही प्रगति रिपोर्ट (जनवरी-मार्च 2026)** का विवरण ऑनलाइन सबमिट करने की समय-सीमा को तकनीकी समस्या की वजह से 30.04.2026 से **15.05.2026** तक बढ़ा दिया गया है। विस्तारित तिथि तक ऑनलाईन सबिमट रिपोर्टों को मूल्यांकन हेतु निर्धारित अंक दिए जाएंगे। शेष नियम यथावत रहेंगे।

2. अतः भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों/संगठनों से अनुरोध है कि वे सूचना प्रबंधन प्रणाली पर अपने-अपने कार्यालयों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट संशोधित समय-सीमा के अनुसार यथाशीघ्र ऑनलाइन भरना सुनिश्चित करें ।

संतोष 30/4/26

(संतोष कुमार)
अनुसंधान अधिकारी (कार्यान्वयन)
फोन-011- 23438143

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषितः

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय/बैंक/उपक्रम/संगठन ।
2. राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय- अनुरोध है कि इस कार्यालय ज्ञापन को अपने क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों, वित्तीय संस्थाओं तथा केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में आने वाले विश्वविद्यालयों, शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के ध्यान में ला दें।
3. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक- राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र- राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को इस अनुरोध के साथ कि वे उक्त कार्यालय ज्ञापन को वेबसाइट पर उपलब्ध कराएं।

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. सचिव (राजभाषा) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
2. संयुक्त सचिव (राजभाषा) के निजी सचिव ।